ओमशांति,

गोमतीनगर, लखनऊ सेवाकेन्द्र द्वारा शरदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर पाँच दिवसीय **"चैतन्य देवियों की झांकी"** का आयोजन सहारा प्लाजा पार्किंग, गोमती नगर में दिनांक **14 से 18 अक्टूबर 2018 के मध्य प्रतिदिन सायंकाल 5:30 बजे से 9:00 बजे** तक किया जा रहा है। झांकी में नौ चैतन्य देवियाँ सुशोभित होती हैं, कमेन्ट्री द्वारा उनका आध्यात्मिक परिचय एवं समय का परिचय दिया जाता है। सहारा प्लाजा एवं इससे लगी मार्केट गोमती नगर की व्यस्तम व्यवसायिक केन्द्र है, इसलिए लगातार लोगो का आना-जाना लगा रहता है।

इस झांकी में चित्र-प्रदर्शनी के साथ अनुभूति कक्ष भी बनाया गया है, जिसमें साउण्ड एवं विडियो के माध्यम से जिज्ञासुओं को आध्यामिक-यात्रा करायी जा रही है, साथ ही सात दिवसीय राजयोग कोर्स के लिए रजिस्टेªशन भी कराया जा रहा है।

प्रतिदिन गणमान्य वी0आई0पी0 के द्वारा ९९**दीप प्रज्जवलन**९९ कर झांकी का शुभारम्भ किया जाता है -

पहले दिन - भ्राता आशुतोष टण्डन, मंत्री व्यवसायिक शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उद्घाटन किया गया, एवं अपने हृदय के उदगार व्यक्त किये।

दूसरे दिन - भ्राता सुरेश राणा, मंत्री गन्ना विकास, चीनी मिलें एवं औद्योगिक विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार ने दीप प्रज्जवलित कर दूसरे दिन की झांकी के कार्यक्रम का शुरूवात की, एवं ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा की जा रही सेवाओं की सराहना की।

तीसरे दिन - भ्राता बृजेश पाठक, विधायी, न्याय अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार ने दीप प्रज्जवलित कर तीसरे दिन की

झांकी के कार्यक्रम की शुरूवात की एवं ईश्वरीय विश्व विद्यालय के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा किया।

चौथे दिन - भ्राता डॉ दिनेश शर्मा, **उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश** ने चौथे दिन की झांकी के कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्जवलन के साथ किया, अपने संबोधन में कहा की जहाँ सत्कर्म हैं वहीँ देवियों का निवास है, वहीँ देवतावों का निवास है।